निदेशालय तकनीकी शिक्षा
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर

# ADMISSION NOTICE

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रदेश के सभी राजकीय व निजी बहुतकनीकी संस्थानों मे डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश हेतु आनलाईन काऊंसलिंग का तृतीय चरण PAT से सम्बन्धित उम्मीदवारों के लिए दिनांक 08-07-2018 से 13-07-2018 तक, LEET से सम्बन्धित उम्मीदवारों के लिए दिनांक 11-7-2018 से 17-7-2018 तथा D.Pharmacy से सम्बन्धित उम्मीदवारों के लिए दिनांक 10-7-2018 से 16-7-2018 तक निर्धारित किया गया है । PAT एवं LEET से सम्बन्धित जिन उम्मीदवारों का प्रथम व द्वितीय चरणों में चयन नही हुआ हो, वे उम्मीदवार भी उपरलिखित तिथियों को आनलाईन आवेदन कर सकते हैं तथा PAT, LEET एवं D.Pharmacy से सम्बन्धित उम्मीदवार अपनी प्राथमिकताओं में परिवर्तन कर सकते हैं, बशर्ते सीट खाली या उपलब्ध हो। जिन उम्मीदवारों ने (PAT/LEET)-2018 परीक्षा में भाग नही लिया है, पर उन्होने न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की परीक्षा में कम से कम 35% अंक प्राप्त किए होंगे वे भी आनलाईन आवेदन कर सकते हैं, किन्तु इस चरण में (PAT/LEET)-2018 के आवेदकों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। पूर्ण विवरण एवं कांऊसलिग शैडयूल (Counseling schedule) की अधिक जानकारी हेतू हि०प्र० तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.hptechboard.com का अवलोकन करें । अगर तृतीय चरण आनलाईन कांऊसलिंग प्रकिया के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं तो चतुर्थ चरण केन्द्रीय (Centralized) ऑफलाईन/मैनुअल काऊंसलिंग का आयोजन भी राजकीय बहुतकनीकी सुन्दरनगर में रखा गया है, जिसके लिए D.Pharmacy से सम्बन्धित उम्मीदवार दिनांक 25-07-2018, LEET से सम्बन्धित उम्मीदवार दिनांक 26-07-2018 तथा PAT से सम्बन्धित उम्मीदवार दिनांक 28-07-2018 को प्रातः 11:30 बजे से पूर्व राजकीय बहुतकनीकी सुन्दरनगर में कांऊसलिंग (Counseling) हेतू रिपोर्ट करें ।

उपरोक्त सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतू सभी कार्य दिवस में Toll Free Number 1800-180-8025 (10:00 AM to 5:00PM) पर सम्पर्क करें।

निदेशक
तकनीकी शिक्षा
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
हिमाचल प्रदेश